# हरित हाईड्रोजन परियोजना के लिए जापान के साथ होगा एमओयू

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ :** हरित हाईड्रोजन परियोजना को लेकर इन्वेस्ट यूपी जापान के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा। इसे लेकर मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी की अध्यक्षता में इन्वेस्ट यूपी का दल जापान के यामागुची शहर का दौरा करेगा। यामागुची में हरित हाईड्रोजन परियोजना पर काम किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत यामागुची रिफाइनिंग कांप्लेक्स को कार्बन-मुक्त ऊर्जा केंद्र में बदला जा रहा है।

हरित हाईड्रोजन परियोजना का अध्ययन व एमओयू करने के लिए इन्वेस्ट यूपी के सीइओ विजय किरन आनंद, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) व पावर कारपोरेशन के अधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल 25 जुलाई को जापान जाएगा। जापान हरित हाइड्रोजन का इस्तेमाल ऊर्जा, परिवहन और विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में करने की दिशा में काम कर रहा है। इस परियोजना पर उत्तर प्रदेश में काम करने के लिए यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है। इन्वेस्ट यूपी के सीइओ ने बताया कि यामागुची में हरित हाईड्रोजन परियोजना पर काम कर रही कंपनियों के साथ गोल मेज सम्मेलन भी रखा गया है। उन्हें उत्तर प्रदेश में निवेश का प्रस्ताव भी दिया जाएगा।